हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
18 मई 2026, बरेली

रिद्धिमा में नृत्य नाटिका जोधा अकबर का एक दृश्य।

'जोधा अकबर' में सांस्कृतिक समन्वय का दिखा संगम

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को नृत्य नाटिका जोधा अकबर का मंचन हुआ। रिद्धिमा के कथक गुरुजन और विद्यार्थियों की इस नृत्य नाटिका में जोधा अकबर की कहानी के माध्यम से प्रेम, विश्वास और सांस्कृतिक एकता की गाथा को मंचित किया गया। प्रस्तुति का आरंभ राजमहल के भव्य दृश्य से होता है, जहां राजपूताना संस्कृति, लोक संगीत और पारंपरिक नृत्य ने दर्शकों को मुगलकालीन वातावरण का अनुभव कराया। कार्यक्रम का संचालन अरुणा गंगवार ने किया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।